# शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा 802301

**फैक्स/फोन नं0 – 06182– 239484 /236694**

## निविदा जमा करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश

शादुसंःविपणनः3835 दिनांकः–11.09.2025

## सुधा दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद वितरकों की नियुक्ति हेतु निविदा सूचना

शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 आरा को सुधा दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद के परिवहन एवं वितरण हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में वितरकों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति/संस्थान विहित प्रपत्र में दिनांक 04.10.2025 के अपराहन 5:00 बजे तक बंद निविदा प्रपत्र निबंधित डाक/कुरियर या हाथों–हाथ के माध्यम से जमा कर सकते है। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 07.10.2025 के पूर्वाहन 11:30 बजे आरा डेयरी के विपणन कार्यालय में खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र 500/–रू0 आरा डेयरी में निविदा प्रपत्र के साथ जमा करेंगे। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.09.2025 से 04.10.2025 तक आरा डेयरी के वेबसाईट पर फार्म प्राप्त कर सकेंगे।

| दूध एवं दुग्ध उत्पाद वितरक हेतु | |
|---|---|
| **क0** | **पथ का नाम** |
| **01** | **आरा से दानापुर भाग–1 (सुबह पाली)** |
| **02** | **आरा से दानापुर भाग–2 (सुबह पाली)** |
| **03** | **आरा से दानापुर भाग–3 (सुबह पाली)** |
| **04** | **आरा से दानापुर (केवल शाम पाली)** |
| **05** | **आरा पाली–दुल्हिन बाजार विक्रम (सुबह पाली)** |
| **06** | **आरा–गजराजगंज (सुबह–शाम पाली)** |
| **07** | **आरा से नवानगर (सुबह पाली)** |

कार्यक्षेत्र, कार्य से संबंधित जानकारी, शर्त, निविदा प्राप्ति, निविदा खोलने की तिथि इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र में अंकित है। इसके अतिरिक्त योजना के मोबाईल संख्या 6202750905/6202750919 पर भी सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। Website: www.smusudhaara.com अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये प्राप्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः 1. महाप्रबंधक, कम्फेड, पटना– सादर सूचनार्थ

2. उप प्रबन्धक (MIS) कम्फेड, पटना
3. प्रभारी (MIS) शादुसं, आरा

— निविदा सूचना को वेबसाईट www.sudha.coop/ www.smusudhaara.com

# शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा – 802301

# निविदा प्रपत्र

प्रपत्र संख्या :

वितरक/प्रपत्र का मूल्यः रू0 500/– (वापसी योग्य नहीं)

निविदादाता का नाम : ..........................................................................

मनी रसीद संख्या : ................................................................................

दिनांक : .................................

# शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा–802301

## निविदा जमा करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश

(1) इच्छुक व्यक्ति, जो अपने परिवहन व्यवस्था से दूध एवं दुग्ध–जन्य–पदार्थ का वितरण कर सकते हैं, वे अपना निविदा–प्रपत्र प्रत्येक कार्य दिवस में दिनांक 12.09.2025 से 04.10.2025 तक आरा डेयरी आरा कैश काउण्टर पर रू. 500.00 (पाँच सौ रूपया) नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं अथवा शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 के वेबसाइट www.smusudhaara.com से डाउन लोड करके प्राप्त निविदा प्रपत्र के साथ रू. 500. 00 (पाँच सौ रूपया) का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा के नाम से देय हो, संलग्न करना आवश्यक होगा।

(2) पूर्ण भरे हुए निविदा प्रपत्र को निबंधित डाक/कुरियर द्वारा मुहरबन्द लिफाफा में प्रबंध निदेशक, आरा डेयरी, आरा के कार्यालय में दिनांक 12.09.2025 से 04.10.2025 को अप0 5.00 बजे तक जमा किया जा सकता है। निविदा के तकनीकी निविदा बीड एवं वित्तीय /प्राइस बीड को दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफा को तीसरे लिफाफा में बंद कर जमा करना होगा, जिस पर स्पष्ट रूप से तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा लिखा होगा तथा आवेदित पथ का नाम लिखना अनिवार्य होगा।

(3) अंतिम तिथि एवं निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा को दिनांक 07.10.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में गठित कमिटी के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके प्राधिकृत व्यक्ति (प्राधिकृत किये जाने से संबंधित प्राधिकार पत्र लाना आवश्यक होगा) उपस्थित रह सकते हैं।

(4) निविदा प्रपत्र में दिए गये सभी वांछनीयता के संदर्भ में आवेदक को दस्तावेज एवं उनमें दर्शाये गये अग्रधन की राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र के आवश्यक शर्त्तों के सदंर्भ में प्रमाण के रूप में मांगे गये दस्तावेज या उसके अनुरूप मानक पूरा नहीं करने पर निविदा को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, फलस्वरूप निविदादाता का निविदा स्वतः रद्द हो जाएगा।

(5) तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं का वित्तीय निविदा बाद में खोली जाएगी, जिसकी सूचना संबंधित निविदादाताओं को उनके द्वारा दिए गये पता पर दिया जाएगा।

(6) निविदादाता का भारतीय नागरिक, वयस्क तथा कानूनी दृष्टिकोण से एकरारनामा करने के लिए योग्य होना आवश्यक है। आवेदित क्षेत्र के आवेदक को प्राथमिकता दी जा सकती है।

(7) निविदा खोलने की तिथि को अगर अवकाश का दिन घोषित कर दिया जाता है तो अवकाश के बाद आने वाले पहले कार्य दिवस को निविदा खोला जाएगा।

(8) एकरारनामा की प्रतिलिपि संलग्न है, जिसमें अंकित शर्त निविदादाता को मान्य होना चाहिए। सफल निविदादाता को 1000 रू0 के नन ज्युडिशियल प्रपत्र पर एकरारनामा करना होगा।

(9) संलग्न परिशिष्ट में दर्शाये गये क्षेत्र के लिए वांछित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, जो आरा में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा रद्द माना जाएगा।

(10) सशर्त्त, तार, फैक्स, ई–मेल द्वारा भेजे गए निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(11) **एक निविदादाता अधिकतम दो ही पथ (**जिसमे उनके परिवार के माता, पिता, पुत्र पुत्री, पुत्रवधु, दामाद **भाई बहन** को एक ही परिवार माना जायेगा **)के लिए आवेदन कर सकते है।**

(12) **तकनीकी निविदा में असफल होने अथवा कार्य आवंटन नहीं होने की स्थिति में अग्रधन की राशि अधिकतम 120 दिनों में चेक द्वारा वापस कर दिया जाएगा एवं कार्य आवंटन के पश्चात् ससमय कार्य संचालित नहीं करने की स्थिति में अग्रधन की जमा राशि जब्त कर लिया जायेगा। चयनित निविदादाताओं द्वारा जमा की गई अग्रधन राशि को जमानत राशि के रूप में समायोजित की जाएगी।**

(13) **विभिन्न पथों की विवरणी, जिसके लिए निविदा आमंत्रित की गई है, अलग से संलग्न है।**

(14) **वितरण कार्य आवंटित होने पर प्रतिदिन छः तरफ से पफ इन्सुलेटेड गाड़ी से दूध एवं दुग्ध जन्य पदार्थ वितरण करना होगा। नए वाहन वाले निविदाओं को प्राथमिकता दी जा सकती हैं। गाड़ी का ग्रॉस वजन, दुग्ध–जन्य –पदार्थ एवं केट रखने के पश्चात् मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृत वजन से अधिक नहीं होना चाहिए।**

(15) **निविदा भरने से पूर्व इच्छुक आवेदक को चाहिए कि आरा डेयरी के विपणन शाखा के सक्षम पदाधिकारी से दूध उत्पाद वितरक से संबंधित कार्य–कलाप को भली–भँाति समझ लें।**

(16) **निविदादाता द्वारा जमा किया गया सभी दस्तावेज उसी नाम एवं तर्ज पर होना चाहिए जिस नाम एवं तर्ज से वे आवेदन भर रहे हैं।**

(17) **वित्तीय निविदा में भरे गये परिवहन सह वितरक मार्जिन का पूर्ण औचित्य एवं विस्तृत गणना साक्षात्कार समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। युक्तिपूर्ण मार्जिन नहीं पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दिये गये परिवहन सह वितरक मार्जिन अयोग्य किया जा सकता है।**

**(18)** निविदा में दर्शायी गयी न्यूनतम पथ लागत जो परिवहन में न्यूनतम खर्च से सम्बंधित है से कम निविदित दर अमान्य होगी । न्यूनतम पथ लागत के अतिरिक्त वितरक मार्जिन एवं लीकेज मार्जिन निविदादाता को अपने दर में सम्मिलित कर भरना आवश्यक होगा, वैसे वर्त्तमान में कम्फेड द्वारा न्यूनतम वितरक मार्जिन **32** पैसा/लीटर एवं लीकेज मार्जिन **10** पैसा/लीटर देय है जो निविदा दाता द्वारा निविदित दर में शामिल माना जायेगा।

(19) **दुग्ध उत्पाद वितरण में केवल कॉम्फेड द्वारा निर्धारित वितरक मार्जिन दिया जाएगा वितरक को उसी मार्जिन में अपना सारा खर्च वहन करना होगा अलग से कोई परिवहन खर्च नहीं दिया जाऐगा।**

(20) **चयनित निविदादाताओं (चयनित क्षेत्र में) को अपने वितरक कार्यालय में एन्ड्रायड मोबाईल (आवश्यकतानुसार)/टेलीफोन/डीपफीज की सुविधा अवश्य रखनी होगी। चयनित क्षेत्र में उनका कार्यालय होना आवश्यक है।**

(21) **मोबाइल से रिटेलरवार दूध एवं दुग्ध जन्य उत्पाद का डिमांड लेने एवं उसके वितरण सम्बन्धी सॉफ्टवेयर के लागू होने के पश्चात् उसमें होने वाले व्यय का वहन आपके द्वारा किया जाएगा।**

(22) **सफल एवं चयनित निविदादाताओं को एक साल के लिए वितरक का कार्य आंवटित किया जाएगा। एक साल के कार्य अवधि में उनके कार्यो की समीक्षा के उपरान्त संतोषप्रद पाये जाने पर पुनः पूर्व शर्त्तो के आधार पर अवधि विस्तारित किया जा सकता है।**

(23) सफल आवेदकों को दूध एवं दुग्ध–जन्य–पदार्थों की आपूर्त्ति हेतु अग्रिम राशि सिर्फ योजना के कैश काउण्टर पर अथवा शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा के अधिकृत बैंक में ही जमा करना होगा।

(24) सफल आवेदको को परिशिष्टि में निर्धारित जमानत राशि जमा करना होगा, जिसमें आवेदन के साथ संलग्न की गई अग्रधन राशि को समायेजित करते हुए शेष राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा, जिसपर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

(25) वितरक के लिए चयनित निविदादाता के पास GST नम्बर का होना अति आवश्यक है।

(26) वर्त्तमान में कार्यरत निविदादाता को अपने निविदा में विगत छह माह अथवा जबसे कार्यरत है का लेज़र एवं क्रैट खाता संलग्न करना आवश्यक होगा, संलग्न नहीं होने पर अथवा लेज़र में **बकाया** होने की स्थिति में निविदा अस्वीकृत कर दी जायगी ।

(27) **कॉम्फेड तथा संबद्ध संघ एवं इकाई क** वैसे किसी भी निविदादाता जिन पर प्राथमिकी दर्ज अथवा किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही लंबित हो (क्रमांक संख्या–11 में उल्लिखित परिवार की परिभाषा के अनुसार) उनकी निविदा अस्वीकृत मानी जाएगी ।

(28) किसी भी वितरक को एक साथ लोकल एवं स्टेलाईट पथ का कार्य आवंटित नहीं किया जाऐगा।

(29) निविदा में सफल निविदादाता के द्वारा यदि कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात् एक वर्ष से पहले वितरक का कार्य छोड़ा जाता है तो जमानत राशि से बीस प्रतिशत की राशि जब्त कर ली जायेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

(कार्यालय मुहर के साथ)

शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा – 802301

# दुग्ध उत्पाद वितरक हेतु आवेदन–प्रपत्र

## (तकनीकी निविदा)

## (कृपया मूल प्रति में ही बीड भरे एवं जमा करें)

01) विपणन पथ का नाम (जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है) :

02) आवेदक का पूरा नाम एवं पता :

नाम :

पिता का नाम :

लिंग :

जन्म तिथि :

फोटो

शैक्षणिक योग्यता :

(कम से कम मैट्रिक पास अवश्य , प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)

दो व्यक्तियों की अभ्युक्ति (परिचयकर्ता के रूप में) पूरा पता एवं दूरभाष संख्या के साथ :

क)

ख)

03) आवेदक का अस्तित्व :

क) स्वयं का स्वामित्व

ख) साझेदारी

ग) कम्पनी

घ) सहकारी समिति

04) स्थायी पता :

वर्तमान पता :

(मान्य दस्तावेज की छाया प्रति संलग्न करें)।

05) दूरभाष संख्या : निवास स्थल :

कार्यालय :

मोबाइल नं0 :

(निविदादाता के नाम निर्गत हो)

06) वर्तमान में किये जा रहे व्यवसाय का विवरणी :

क) उपलब्ध गाड़ियाँ/आधारभूत संरचना (जो आवेदक के पास उपलब्ध है)

वाहन का प्रकार/ गाड़ी का मॉडल/ पंजीयन / वाहन का भार/ गाड़ी बन्द एवं छः तरफ से इन्सुलेटेड है

संख्या संख्या क्षमता है या नहीं

ख) कार्यालय का पता एवं कम्पनी का नाम :

ग) इस व्यवसाय में कब से जुड़े हुए हैं :

घ) कार्यालय का क्षेत्रफल (एरिया) :

07) प्रस्तावित व्यवसाय में उपयोग होने वाले वाहन की विवरण (कम से कम 80 मि0 मी0 Puf Insulation अथवा 120 मि0मी0 Thermocole Insulation.) :

वितरण कार्य हेतु आवंटित विपणन पथ के अनुरूप टाटा 407/ टाटा एस/ महेन्द्रा पिक–अप अथवा समतुल्य क्षमता की गाड़ी या उनके समकक्ष गाड़ी होनी चाहिए, जिसमें दूध, दुग्ध जन्य पदार्थ लोड कर दूध बिक्रेताओं के बीच वितरण करना अनिवार्य है।

08) प्रस्तावित कर्मचारियों/सेल्समैन की विवरणी :

(क) संख्या (ख) योग्यता

09) शोघ्र खराब होने वाली सामग्री या एफ0एम0सी0जी0 सामग्री के ढुलाई/वितरण/रिटेलर का अनुभव है या नहीं। यदि हाँ तो दस्तावेज के साथ विवरण प्रस्तुत करें। (दुग्ध/दुग्ध जन्य उत्पाद के वितरक/रिटेलर होने पर प्राथमिकता दी जाएगी।

10) वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति हेतु जेनरेटर की उपलब्धता :

(क) क्षमता (ख) संख्या

11) क्या आपके पास कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध है :

(अगर हाँ तो ब्यौरा दें)

12) पूर्व मे अन्य व्यवसाय के वितरक के रूप में अगर अनुभव हो तो दस्तावेज के साथ विवरण प्रस्तुत करें।

13) (क) पैन नम्बर (प्रमाण पत्र की छाया प्रति ) संलग्न करें।

(ख) GST नं0 (निबंधन संख्या, निबंधन प्रमाण/निबंधन हेतु आवेदन पत्र की छाया प्रति) संलग्न करें।

14) फूड सेफ्टी लाइसेन्स (FSSAI ) अगर आपके नाम से है तो छाया प्रति संलग्न करें।

15) अग्रधन राशि के मद् में ड्राफ्ट संख्या : दिनांक राशि राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित निजो बैंक शाखा का नाम........................................ संलग्न किया जा रहा है।

16) (क) दूध/दुग्ध उत्पाद के वितरक हेतु आपकी रूचि क्यों है :

(ख) उक्त पथ/क्षेत्र में प्रतिदिन अनुमानित बिक्री लक्ष्य क्या होगा। (कि0 ग्रा0 में)

| बढ़ोत्तरी | छः माह बाद बिक्री लक्ष्य | एक वर्ष बाद बिक्री लक्ष्य |
|---|---|---|
| | | |

<u>आवश्यक शर्त्तें :–</u>

क) निविदा प्रपत्र के कंडिका 2, 9, 13 एवं 15 निविदा देते समय निविदाता के पास यदि नही हो तो निविदा रद्द कर दी जाएगी।

ख) निविदा प्रपत्र के कंडिका 6, 7, एवं 14 के सम्बन्ध में उपलब्धता (आवश्यक योग्यता) अगर निविदा देते समय तक न हो तो निविदादाता द्वारा कार्य आवंटन के अधिकतम 21 दिनों के अन्दर उन्हें उपलब्ध करना होगा, जिसके भौतिक निरीक्षण के बाद एकरारनामा का सम्पादन करवाया जाएगा। उपरोक्त आवश्यक योग्यता शर्त्तों की प्रतिपूर्त्ति होने की स्थिति में सभी शर्त्तों /कार्यों का सम्पादन जिसमें जमानत राशि जमा करना एवं एकरारनामा करना सम्मिलित होगा, 30 दिनों के अन्दर सम्पन्न कर आवंटित कार्य प्रारम्भ करना होगा। दुग्ध जन्य उत्पाद के लिए आवेदकों को वितरक (डिस्ट्रीब्यूटर) मार्जिन, जो पूर्व घोषित है, मात्र देय होगा, जिसमें परिवहन एवं अन्य सभी खर्च सम्मिलित है।

मैं/हम घोषणा करता/करती हूँ कि जो भी सूचना प्रपत्र में अंकित की गई है, वह मेरी/हमारी जानकारी में सत्य है। अगर कभी भी उपर्युक्त अंकित जानकारी असत्य हो जाता है तो मेरी उम्मीदवारी बिना कारण स्वतः रद्द समझी जाएगी। उपरोक्त सभी सूचनाओं के मूल दस्तावेजों की जाँच की जा सकती है, जिसके लिए मैं किसी भी समय उपस्थित रहूँगा।

स्थान : आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक (ऑफिस मोहर के साथ)

अनुलग्नक :

1) मान्य निवास प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति।

2) गाड़ी के ऑनर बूक की छाया प्रति एवं निबंधन संख्या ।

3) पैन नं0 एवं GST की छाया प्रति।

4) पूर्व अनुभवों से संबंधित कार्यों की छाया प्रति।

5) शैक्षणिक योग्यता की छाया प्रति।

6) जमानत की आवश्यक राशि का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में।

7) स्व घोषणा प्रमाण पत्र।

शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा – **802301**

# वितरक हेतु आवेदन–प्रपत्र

## (ख) वित्तीय निविदा :

## (कृपया मूल प्रति में ही निविदा भरे एवं जमा करें)

01) विपणन पथ का नाम (जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है) :

02) आवेदक का पूरा नाम :

03) आपका इस क्षेत्र में चयन के पश्चात् शुरूआती बिक्री लक्ष्य का अनुमान क्या रहेगा :

1) दूध (प्रतिदिन) लीटर में :

04) दुग्घ से संबंधित कार्य करने हेतु मेरे द्वारा न्यूनतम परिवहन सह वितरक मार्जिन प्रति लीटर लिया जाएगा। रू. .................... (अक्षर में) ........................................................ (परिवहन खर्च एवं वितरक का मार्जिन 32 पैसा प्रति लीटर एवं लिकेज क्षतिपूर्त्ति 10 पैसा प्रति लीटर सम्मिलित है)

05) अगर दुग्ध का वितरक कार्य आवंटित होता है प्रतिदिन डेयरी से अपने इनसुलेटेड गाड़ी से उठाकर बिक्रेताओं के बीच वितरण करना होगा, जो मुझे मान्य है।

मैं/हम घोषणा करता/करती हूँ कि जो भी सूचना प्रपत्र में अंकित की गई है वह मेरी/हमारी जानकारी में सत्य है। अगर कभी भी उपर्युक्त अंकित जानकारी असत्य हो जाती है तो मेरी उम्मीदवारी बिना कारण स्वतः रद्द की जा सकती है, जिसके लिए डेयरी स्वतंत्र होगी।

स्थान :

आवेदक का हस्ताक्षर

(कार्यालय मोहर के साथ)

दिनांक :

# शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कतीरा, आरा – 802301

## परिशिष्टि

## दूध एवं दुग्ध उत्पाद वितरक हेतु

| क्र0 | पथ का नाम | पथ के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों का नाम | अनुमानित दूरी/ट्रीप आना–जाना, | गाड़ी का प्रकार | अनुमानित बिक्री लीटर में। | वांछित अग्रधन राशि (रू.) | जमानत राशि | बैंक गारंटी | न्यूनतम परिवहन लागत रू0 /ली0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आरा से दानापुर भाग–1 (सुबह पाली) | रामजी चक, पठान टोली, मिथिला कॉलनी, बिस्कुट फैक्ट्री मोड़, नासरीगंज, तकिया, पेठिया, गाभतल, इमलीतल, बीबीगंज, मार्शल बाजार, दानापुर बाजार, खगड़ी रोट, पंचशील नगर, जयप्रकाश नगर, टी. प्वाइंट, डी0 ए0 वी0 दुखन, झरवरी महादेव चित्रकुट नगर, आनंद बाजार, हाथीखाना, शाहपुर | 130 किमी0 | टाटा 709 अथवा समकक्ष एवं 04 छोटी गाड़ी टेम्पु अथवा समकक्ष लोकल परिवहन हेतु | 3300 | 10000 | दो लाख | तीन लाख | 2.22 |
| 02 | आरा से दानापुर भाग–2 (सुबह पाली) | गोला रोड, सैनिक कॉलनी,बैंक कॉलनी संत करेंश रोड, आर्य समाज रोड़, रंजन पथ, फार्मेसी कॉलेज ज्ञान निकेतन रोड ,अभियंता नगर ,नया टोला मोड हवेली रोड नहर रोड दीघा ,हनुमान चौक ,जानकी मैजेस्टिक प्लाज़ा ,सोनू मार्केट शफी आलम रोड ,मछली तालाब , सुल्तानपुर | 125 किमी0 | टाटा 709 अथवा समकक्ष एवं 04 छोटी गाड़ी टेम्पु अथवा समकक्ष लोकल परिवहन हेतु | 3000 | 10000 | दो लाख | तीन लाख | 2.20 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | आरा से दानापुर भाग–3 (सुबह पाली) | आइ0 एस0 कॉलनी, रूपसपुर अंडरपास से दानापुर स्टेशन तक (नहर), रामजयपाल नगर, अपर्णा बैंक कॉलनी, जलालपुर सिटी, हरिदासपुर, प्रियदर्शी नगर, कालीकेत नगर, आर0 पी0 एस0 रोड, जलालपुर हाइट, ददन हौडी तक, जजेज कॉलनी, विजय बिहार कॉलनी (सगुना मोड़ से ददन हांडी तक बाए साइड) | 120 किमी0 | टाटा 407 / 709 अथवा समकक्ष एवं 04 छोटी गाड़ी टेम्पु अथवा समकक्ष लोकल परिवहन हेतु | 3500 | 10000 | दो लाख | तीन लाख | 2.17 |
| 04 | आरा से दानापुर भाग–4 (शाम पाली) | सम्पूर्ण दानापुर पथ | 150 किमी0 | टाटा 207 | 2000 | 10000 | दो लाख | तीन लाख | 2.24 |
| 05 | आरा पाली–दुल्हिन बाजार विकम (सुबह पाली) | पाली, दुल्हिन बाजार और विकम एवं आस–पास | 130 km | पिक–अप अथवा समकक्ष | 800 | 10000 | एक लाख | एक लाख | |
| 06 | आरा–गजरा जगंज (सुबह–शाम पाली) | हरिजन क्षत्रावास, गिरजामोड, बक्सर मेन रोड, बामपाली, रामपुर मिल्की, बीबीगंज, धमार, मसाढ, कारीसाथ, गजराजगंज | 40 कि0मी0 | टाटा मौजिक | 600 | 10000 | एक लाख | एक लाख | 1.5 |
| 07 | आरा से नवानगर (सुबह पाली | जगदीशपुर से आगे बगैनजाने वाले रास्ते से सोनवर्षा गांव, शिवपुर, देवराढ़ BMC, अरैला गांव, बराढ़ी BMC, बगैन गोला, एकराशी, गिरधर बरॉव चौगाई, मुरार, कोरानसराय, मठिया आयर, वासुदेवा, नवानगर तक | 140 किमी0 | पिक–अप अथवा समकक्ष | 1000 | 10000 | एक लाख | एक लाख | |

# स्व घोषणा प्रमाण पत्र

मं या मेरे परिवार का कोई सगा सदस्य (माता, पिता, पत्नी, पुत्र) बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि0, पटना या कॉम्फेड से संबंद्ध दुग्ध संघ/इकाई में कार्यरत हूँ/हैं अथवा नहीं।

हॉ–नहीं

(कृप्या उपयुक्त में सही √ का निशान लगावें)

यदि उत्तर हॉ हैं, तो निम्न ब्यौरा भरें।

मैं (आवेदक का नाम)..........................................................................................
स्वघोषित करता हूँ कि श्री/सुश्री/श्रीमती (कार्यरत कर्मी का नाम)...............
.........................................................................

संघ/इकाई का नाम..........................................................................................के

(पदनाम)..............................................................................................के पद पर

(पदस्थापन का स्थान)....................................................................में कार्यरत है,

एवं मेरे (आवेदक के साथ संबंध)...............................................है।

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांकः.........................

स्थानः.........................